सर, जवाहर सरकार जी अभी यहाँ नहीं हैं। वे बोल रहे थे कि हाई कोर्ट ने तमिलनाडु के गवर्नर की आलोचना की, इसलिए गवर्नर हटा देना चाहिए। तब तो इस देश में हाई कोर्ट ने सबसे ज्यादा जो intervene किया है, वह पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री के ऊपर किया है, उनके काम-काज के ऊपर किया है, तो सबसे पहले तो उनको हटा देना चाहिए, उनको resign कर देना चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, last one minute. Last one minute.

श्री बिप्लब कुमार देबः महोदय, अगर कोर्ट में कोई विषय उठे और कोर्ट उसकी आलोचना या समालोचना करे और इसलिए संवैधानिक सिस्टम में बैठे हुए व्यक्ति चले जाएँ - ऐसा इस देश में नहीं हुआ है और आगे भी नहीं होगा।

मैं मानता हूँ कि इस सदन में इस बिल पर अलग-अलग सदस्यों ने अपने विषय रखे हैं, किन्तु मेरा मानना है कि गवर्नर बहुत जरूरी है, क्योंकि केन्द्र सरकार के साथ राज्य का जो सम्पर्क है, गवर्नर के बिना उसकी चेन टूट जाएगी। भारत इतना बड़ा देश है कि उसको इस सिस्टम में रख कर ही चलाया जाता है। इसलिए बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से जो सिस्टम लाया है, उसमें हमने समय-समय पर बहुत सारे अमेंडमेंट्स किये हैं, जिनकी जरूरत थी, किन्तु इसकी कोई जरूरत नहीं है, इसलिए मैं इसका घोर विरोध करता हूँ। मैं भारत के संविधान के प्रति निष्ठा रखता हूँ और मैं आपको भी बोलता हूँ कि आप मार्क्सवाद छोड़ कर भारत के संविधान के प्रति निष्ठा पर आ जाइए, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): May I now request Shri Naresh Bansal to start?

श्री नरेश बंसल (उत्तराखंड): उपसभाध्यक्ष जी, गवर्नर का चुनाव हो...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : सॉरी! हमें सवा पाँच बजे रुकना था। माननीय नरेश जी, जब नेक्स्ट प्राइवेट मेम्बर बिल आएगा, तब आप अपनी स्पीच शुरू करेंगे। सवा पाँच बज चुके हैं। माननीय चेयरमैन साहब का आदेश था कि अभी स्पेशल मेंशंस लिए जाएंगे।

SPECIAL MENTIONS

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, permitted Special Mentions. Ms. Indu Bala Goswami -- 'Demand for Stoppage of Vande Bharat Train at Pathankot Railway Station'.

Demand for stoppage of 22439/22440 Vande Bharat Train at Pathankot Railway Station

MS. INDU BALA GOSWAMI (Himachal Pradesh): Sir, the subject of my Special Mention is 'Demand for Stoppage of 22439 and 22440 Vande Bharat Train at Pathankot Railway Station'.

माननीय रेल मंत्री जी के समक्ष वन्दे भारत ट्रेन संख्या 22439/22440 पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन पर ठहराव के संबंध में निवेदन करना चाहती हूँ।

वन्दे भारत दिल्ली से कटरा आते और जाते पठानकोट से गुजरती है, किंतु इस स्टेशन पर ठहराव नहीं है। यह बहुत महत्वपूर्ण रूट है, जिसमें पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन (पंजाब), हिमाचल प्रदेश के जिला चम्बा व काँगड़ा के लोगों के लिए एकमात्र ब्रॉड गेज रेलवे लाइन है। साल भर भारी संख्या में लोग मां वैष्णो देवी की यात्रा के लिए जम्मू जाते हैं। इसके पश्चात, अधिकतर लोग प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर देवभूमि हिमाचल प्रदेश में धार्मिक पर्यटन हेतु मां ज्वालामुखी, मां बगलामुखी, नैना देवी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, मां ब्रजेश्वरी व शिव मंदिर, बैजनाथ आते हैं। वंदे भारत ट्रेन का पठानकोट कैंट स्टेशन पर ठहराव न होने की वजह से हिमाचल प्रदेश के उपरोक्त धार्मिक स्थल पर्यटकों से वंचित रह जाते हैं। पठानकोट स्टेशन पर वन्दे भारत के ठहराव से आम जन को कटरा जाने में बहुत आसानी होगी तथा धार्मिक पर्यटन को भी निश्चित रूप से बढ़ावा मिलेगा। वन्दे भारत ट्रेन देश की पहली ऐसी रेल सेवा है, जिसमें प्रीमियर सफर का सबसे अधिक ख्याल रखा गया है, इसलिए उपरोक्त रूट पर पठानकोट कैंट स्टेशन पर वन्दे भारत ट्रेन का ठहराव लोकहित में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम होगा। मैं सरकार से माँग करती हूँ कि आप संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर वन्दे भारत ट्रेन का ठहराव कम से कम 2 मिनट के लिए पठानकोट कैंट स्टेशन पर करवाने की कृपा करें, धन्यवाद।

Demand to allow the Hyper or Hypo-pigmented Vitiligo persons to join Indian army

SHRI M. MOHAMED ABDULLA (Tamil Nadu): Sir, attention is drawn in the interest of people who have the autoimmune disorder called Vitiligo. Vitiligo is an acquired de-pigmentation disorder of great concern affecting one to four per cent of the world population.

Sir, a person with Vitiligo develops patches of skin with little or no pigmentation across their body. It is not a lethal or infectious disease. According to the medical standards of the Indian Defence Service, a candidate is deemed medically fit when he has no hyper or hypo-pigmentation or any other disease of the skin. Therefore, people with Vitiligo find it difficult to join the Indian Defence Service. Hence, many of them feel distressed and stigmatized by their condition. Vitiligo candidates have a normal anatomy without loss of any appendages. They are free from all communicable diseases and skin ailments. Even though people who have Vitiligo